प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

राष्ट्रपति–जल शक्ति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि जल संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। नई दिल्ली में जारी जल महोत्सव 2026 के हिस्से के रूप में एक राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने राष्ट्र से जल के साथ एक अमूल्य खजाने की तरह व्यवहार करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने जल को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित किए जाने की बात कही।

देशभर में जल महोत्सव 2026 की शुरूआत 8 मार्च को हुई थी और यह महोत्सव 22 मार्च तक जारी रहेगा।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज आई.जी.एम.सी. शिमला में 28 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से स्थापित उच्च स्तरीय रोबोटिक सर्जरी सुविधा का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आईजीएमसी शिमला के अलावा चमियाणा, कांगड़ा ज़िला के टांडा और मंडी ज़िला के नेरचौक मैडिकल कॉलेजों में भी मरीजों को रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सुविधा से मरीजों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

इस बीच मुख्यमंत्री ने आईजीएमसी शिमला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता भी की और उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के दौरान स्टाफ नर्स को भी 40 प्रतिशत के स्थान पर पूरा वेतन दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आउटसोर्स आधार पर नियुक्तियों को बंद करना चाहती है, क्योंकि इससे युवाओं का शोषण हो रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज चंबा ज़िला के चुवाड़ी स्थित नागरिक अस्पताल का दौरा कर अस्पताल में स्थापित नई एक्स–रे मशीन का विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि एक्स–रे मशीन के शुरू होने से चुवाड़ी व आसपास के क्षेत्रों के लोगों को लाभ होगा।

उपमुख्यमंत्री

ऊना ज़िला के हरोली विधानसभा क्षेत्र के घालूवाल गांव के शहीद नायब सूबेदार कुलवंत सिंह का आज उनके पैतृक गांव में पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। 40 वर्षीय शहीद कुलवंत सिंह अरूणाचल प्रदेश में भारतीय सेना में सेवारत थे और 7 मार्च को सड़क हादसे में शहीद हो गए थे। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शहीद नायब सूबेदार कुलवंत सिंह की अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि मातृ भूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर जवान कुलवंत सिंह का योगदान सदैव अमर रहेगा।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2026–27 के बजट में निजी क्षेत्र की साझेदारी में पांच क्षेत्रीय चिकित्सा केंद्र स्थापित करने में राज्यों को सहायता प्रदान करने की योजना का प्रस्ताव किया है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि ये केंद्र एकीकृत स्वास्थ्य परिचर्या सेवा परिसर के रूप में कार्य करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इन केंद्रों में आयुष केंद्र, चिकित्सा पर्यटन सुविधा केंद्र, उपचार पश्चात परिचर्या और पुनर्वास के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध होगा।

हर्षमहाजन

सांसद हर्ष महाजन ने आज राज्यसभा में प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र की अपार संभावनाओं और इससे जुड़ी चुनौतियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश को पिछले तीन वर्षों से भारत के सबसे स्वागत योग्य क्षेत्रों का स्थान मिला है और पिछले वर्ष यहां करीब दो करोड़ घरेलू और 80 हजार विदेशी पर्यटक आए हैं। हर्ष महाजन ने हिमाचल में पर्यावरण संरक्षण और आधारभूत संरचना के विकास पर आधारित सत्त पर्यटन मॉडल को आगे बढ़ाने का आग्रह किया।